Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to take appropriate measures to expand and modernise Gwalior railway station.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, गत दिनों भोपाल में माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रानी कमलापति के नाम पर किया गया है। देश के पहले नवनिर्मित विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त इस रेलवे स्टेशन को माननीय प्रधान मंत्री जी ने देश को समर्पित किया। यह गौरव मध्य प्रदेश को प्राप्त हुआ है।

मैं इसी कड़ी में बताना चाहूंगा कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन का विकास और विस्तार कर इसे हवाई अड्डों जैसी सुविधाओं से युक्त करने की योजना पर काम प्रारम्भ हो चुका है। आईआरएसडीसी – भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम द्वारा यह कार्य पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) आधार पर किया जाना है। यह 240 करोड़ रुपये की योजना गत दो वर्षों से अधिक समय से आकार ले रही है। मेरी जानकारी के अनुसार आरएफपी आमंत्रित करने व टेण्डर आदि की प्रक्रिया के स्तर पर यह योजना आकार ले रही है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि ग्वालियर का वर्तमान रेलवे स्टेशन हैरीटेज इमारतों की श्रेणी में आता है। इसका विस्तारीकरण व आधुनिकीकरण इसके मूल स्वरूप को सहेजकर ही किया जाना चाहिए। इस योजना के कार्यान्वयन में गति लाने की आवश्यकता है। जैसे माननीय प्रधान मंत्री जी ने देश को आश्वस्त किया है कि नवीन संसद भवन व सेंट्रल विस्टा का निर्माण वर्ष 2023 तक पूर्ण हो जाएगा। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी को निवेदन करना चाहूंगा कि ग्वालियर के रेलवे स्टेशन के विस्तार व आधुनिकीकरण के कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें और संसद के

इसी कार्यकाल के पूर्व इसका लोकार्पण माननीय प्रधान मंत्री जी के कर कमलों से करायें।